DEC 24
रांची, मंगलवार
मूल्य : ₹ 3
रजिस्ट्रेशन : जे एच 11-0013425
Dailykhabar99.com

सच्चाई का उजागर

# डेली खबर99

रांची | हजारीबाग | कोडरमा | चतरा| धनबाद | पटना | नई दिल्ली | पश्चिम बंगाल से प्रकाशित



@Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99

# गणतंत्र दिवस नहीं इस बार 'वीर बाल दिवस' पर बहादुर बच्चों को मिलेगा पुरस्कार, केंद्र सरकार का बड़ा फैसला



संवाददाता- नई दिल्ली - डेलीखबर 99

**नई दिल्ली।** पहली बार गणतंत्र दिवस के बजाय देश के बाल पुरस्कार आगामी 26 दिसंबर को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के अवसर पर दिए जाएंगे। इस बार पुरस्कृत होने वाले सभी 17 बच्चों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सम्मानित करेंगी।

## राष्ट्रपति मुर्मु करेंगी सम्मानित

यह सम्मान सिर्फ वीरता के लिए ही नहीं बल्कि कला-संस्कृति, अन्वेषण, विज्ञान व तकनीकी, समाज सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भी दिए जाएंगे। हालांकि इस समारोह का मुख्य केंद्र 'वीर बाल दिवस' ही होगा।

## 17 बच्चों को मिलेगा पुरस्कार

केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्री ने मंगलवार को एक बयान जारी करके बताया कि भारत के बच्चों की उपलब्धियों और सामर्थ्य को सम्मानित करते हुए आगामी गुरुवार को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रव्यापी गतिविधियों के लिए इस साल 14 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार समारोह में सात श्रेणियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सात लड़कों और दस लड़कियों को सम्मानित किया जाएगा।

## बदली परिभाषा...अब, वीर वह है जो अंधेरों को रोशन करें

सरकार ने इस बार वीरता की परिभाषा को भी परिमार्जित किया है। इसमें कहा गया है, वीर वह है जो अंधेरों को रोशन करें। इसमें केवल साहस ही नहीं दया, क्रियाशीलता, नवप्रवर्तन के साथ कुछ कर गुजरे बच्चों जो समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैं को शामिल किया गया है, ताकि इससे देश की युवा पीढ़ी और बच्चे भी ऐसा करने के लिए प्रेरित हों। सरकार का मकसद इसके जरिये समग्रता के साथ बच्चों की वीरता और कारनामों को पेश करना है।

# गृह मंत्री शाह बोले- नए आपराधिक कानून नागरिक अधिकारों के रक्षक बनेंगे



संवाददाता- नई दिल्ली - डेलीखबर 99

अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि तीन नए आपराधिक कानून - 'भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम' नागरिक अधिकारों के रक्षक और 'न्याय की सुगमता' का आधार बन रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि तीन नए आपराधिक कानून - 'भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम' नागरिक अधिकारों के रक्षक और 'न्याय की सुगमता' का आधार बन रहे हैं। उत्तराखंड में तीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर हुई एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कहा कि नए कानूनों को यथाशीघ्र शत-प्रतिशत लागू करें।




# 'मीडिया से ये क्यों कहा कि आपको...' पुष्पा 2 भगदड़ मामले में पुलिस ने अल्लू अर्जुन से पूछे तीखे सवाल



डिजिटल डेस्क - डेलीखबर 99

तेलगू एक्टर अल्लू अर्जुन से आज संध्या थिएटर मामले में हुई भगदड़ के बारे हैदराबाद पुलिस ने पूछताछ की। इस पूछताछ के दौरान एक्टर से काफी तीख सवाल किए गए। जानकारी दे दें कि थिएटर में पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान एक्टर के आने से भगदड़ मच गई थी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी और उसका बेटा घायल हो गया था। इसी मामले में हैदराबाद पुलिस ने एक्टर को तलब किया। जिसके बाद एक्टर अल्लू अर्जुन पुलिस के सामने हाजिर हुए।

## क्यों मची भगदड़?

कहा जा रहा कि भगदड़ इसलिए हुई क्योंकि अल्लू अर्जुन कथित तौर पर 4 दिसंबर को हैदराबाद में एक थिएटर के बाहर अचानक पहुंच गए थे, जिस कारण लोग उन्हें देखने के लिए उमड़ पड़ी। हालांकि उन्होंने इस आरोप से इनकार करते हुए कहा कि इस दुखद घटना में उनकी कोई प्रत्यक्ष संलिप्तता नहीं है। हैदराबाद पुलिस ने आज कथित तौर पर उनसे पूछा कि क्या अल्लू अर्जुन को यह जानकारी है कि अधिकारियों ने उन्हें पुष्पा 2 के प्रीमियर के दौरान थिएटर के बाहर आने की अनुमति नहीं दी थी। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने अल्लू अर्जुन से कई सवाल पूछे और उन्हें रिकॉर्ड किए। एक्टर से पुलिस ने करीब साढ़े तीन घंटे पूछताछ की। इसके बाद उन्हें कहा गया कि जरूरत पड़ने पर उनसे दोबारा बुलाया जा सकता है इसलिए वह अवेलबल रहें।

## पूछे गए ये सवाल

1. क्या आप को पता नहीं था कि थिएटर में कि महिला की मौत हो गई और इसकी जानकारी आपको कब मिली?
2. आपने फिर मीडिया से ये क्यों कहा कि आप को अगले दिन इसके बारे में पता चला ?
3. करीब 10 मिनट का जो वीडियो CP ने दिखाया था उस वीडियो को दिखाते हुए, उसके आधार पर सवाल किए गए।
4. 9:30 बजे से बाहर आने तक क्या कुछ हुआ था इस पर उनका वर्जन रिकार्ड किया गया।

# शिमला के 70 प्रतिशत होटल फुल, बर्फबारी से हिमाचल में 233 सड़कें बंद; मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट



**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में बर्फबारी शुरू हो गई है। इस वजह से तीन नेशनल हाइवे समेत राज्य में कम से कम 233 सड़कें बंद हो गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के किन्नौर, लाहौल एवं स्पीति, शिमला, कुल्लू, मंडी, चंबा और सिरमौर जिले के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई। शिमला होटल एवं पर्यटन हितधारक संघ के अध्यक्ष एम. के. सेठ ने बताया कि शिमला में होटलों के 70 प्रतिशत कमरे फुल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि बर्फबारी के कारण कमरों की बुकिंग में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## हिमाचल की 233 सड़कें बंद

दरअसल, नेशनल हाइवे पर यातायात अटारी और लेह के बीच, कुल्लू जिले में सैंज से औट, किन्नौर जिले में खाब और संगम के बीच तथा लाहौल एवं स्पीति में ग्रामफू पर अवरुद्ध हैं। पूरे राज्य में कुल 233 सड़कों पर यातायात ठप पड़ा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व और आपदा) ओंकार शर्मा ने बताया कि अटल टनल के पास फंसे लगभग 500 वाहनों में मौजूद पर्यटकों को सोमवार देर रात तक सुरक्षित बचा लिया गया। खबरों के अनुसार, बर्फबारी के कारण पिछले 24 घंटे में हुई दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई तथा कुछ स्थानों पर वाहन फिसलने के कारण कई लोग घायल हो गए। प्रशासन ने अभी तक मृतकों के बारे में अभी कोई जानकारी साझा नहीं की है।

## पर्यटकों को दी गई सलाह

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि शिमला में सबसे ज़्यादा 145 सड़कें बंद हैं, इसके बाद कुल्लू में 25 और मंडी में 20 सड़कें बंद हैं। इसने बताया कि बर्फबारी के कारण 356 ट्रांसफार्मर ठप पड़ गए हैं, जिससे कई इलाकों में बिजली गुल हो गई है। उन्होंने पर्यटकों को सलाह दी कि वे जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी परामर्श का पालन करें, स्थानीय लोगों के सुझाव सुनें और बर्फ में वाहन चलाने से बचें। अधिकारियों के साथ सड़क की स्थिति की समीक्षा करने के बाद लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिमला, कुल्लू-मनाली और डलहौजी में पर्यटकों के आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि पर्यटकों की आमद को संभालने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है। सड़कों पर बर्फ हटाने के लिए दो 'स्नो ब्लोअर' समेत कुल 268 मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। खदराला में 24 सेमी बर्फबारी हुई। इसके बाद सांगला में 16.5 सेमी, शिल्लारू में 15.3 सेमी, चौपाल और जुब्बल में 15-15 सेमी, कल्पा में 14 सेमी, निचार में 10 सेमी, शिमला में 7 सेमी, पूह में 6 सेमी और जोत में 5 सेमी तक बर्फबारी हुई।

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों तथा विशेषकर शिमला में कुछ स्थानों पर शुक्रवार शाम से रविवार दोपहर तक बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है तथा शनिवार को बारिश की संभावना अधिकतम होगी। मौसम विभाग ने बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर और मंडी में भीषण ठंड के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है, जबकि भाखड़ा बांध जलाशय क्षेत्र और मंडी के बल्ह घाटी के कुछ हिस्सों में गुरुवार तक घना कोहरा छाए रहने की संभावना के चलते 'येलो' अलर्ट जारी किया है। लाहौल एवं स्पीति जिले का कुकुमसेरी राज्य में सबसे ठंडा रहा, जहां रात का तापमान शून्य से नीचे 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।




# मणिपुर समेत 5 राज्यों के राज्यपाल बदले, आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का प्रभार



संवाददाता- नई दिल्ली - डेलीखबर 99

देश के कई राज्यों के राज्यपालों में बदलाव किया गया है। बिहार, ओडिशा, मिजोरम, केरल, मणिपुर के राज्यपालों को बदल दिया गया है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के राज्यपाल पद से रघुबर दास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही राष्ट्रपति ने 5 राज्यों में नए राज्यपालों के नियुक्ति भी कर दी है। बता दें कि राष्ट्रपति ने अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया है। इसके साथ ही केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अब बिहार का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

**(i)** मिजोरम के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया।

**(ii)** जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम (सेवानिवृत्त) को मिजोरम का राज्यपाल नियुक्त किया गया।

**(iii)** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया।

**(iv)** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का राज्यपाल नियुक्त किया गया।

**(v)** अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया

## देश के पूर्व गृह सचिव हैं अजय भल्ला

राष्ट्रपति की ओर से हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर के गवर्नर पद की जिम्मेदारी अजय कुमार भल्ला को दी गई है। जानकारी के लिए बता दें कि अजय कुमार भल्ला भारत के पूर्व गृह सचिव हैं। ऐसे में उनका मणिपुर का राज्यपाल बनना काफी अहम माना जा रहा है। करीब एक साल से अधिक समय से हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में शांति के प्रयासों में अजय कुमार भल्ला अहम भूमिका निभा सकते हैं।



# स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की दरियादिली से विपक्षी पार्टी बीजेपी भी हो गई कायल...राजनीति से ऊपर उठ पेश की मिशाल



संवाददाता- धनबाद - डेलीखबर 99

**धनबाद।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी फिर से चर्चा में है। इस बार चर्चा किसी राजनीतिक कारणों से नहीं बल्कि राजनीति से ऊपर उठकर विपक्षी पार्टी बीजेपी नेता के बेटे के इलाज को लेकर है जिसकी चर्चा हर ओर हो रही है। जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक और झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने अपनी दरियादिली और जनसेवा से लोगों का दिल जीत लिया। मालूम हो कि चुनाव प्रचार के दौरान मुख्य विपक्षी पार्टी बीजेपी ने कई तरह के आरोप डॉ इरफान अंसारी पर लगाए थे।उसके बावजूद आज भाजपा नेता की जान बचाने के लिए आगे स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी आगे आए जिसकी चारों तरफ चर्चा हो रही है।

## बीजेपी ने लगाया था ये आरोप

भाजपा ने डॉ. इरफान अंसारी के खिलाफ कई षड्यंत्र रचे, उन्हें बदनाम करने की कोशिशें कीं, और यहां तक कि उन्हें बांग्लादेशी घुसपैठिया तक कहा। इसके बावजूद, डॉ. अंसारी ने मजबूती से हर चुनौती का सामना किया और लगातार तीसरी बार जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र की जनता का दिल जीतकर अपनी लोकप्रियता को साबित किया।

## क्या है मामला

इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए, आज उन्होंने एक ऐसा कदम उठाया जिसने सभी को उनका कायल बना दिया। जामताड़ा जिले के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह के बेटे शुभम सिंह का सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट लगने के बाद स्थिति नाजुक हो गई। शुभम को ब्रेन सर्जरी की जरूरत थी। उन्हें धनबाद के निजी अस्पताल अशर्फी में भर्ती कराया गया था।स्वास्थ्य मंत्री डॉ. अंसारी को घटना की जानकारी मिलने पर वे धनबाद के असर्फी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने शुभम सिंह के परिजनों को आश्वस्त किया, "आप बिल्कुल चिंता न करें। मैं यहां हूं, आपकी मदद के लिए। आपके बेटे के इलाज में एक पैसा भी खर्च नहीं होगा। उसकी जान बचाने के लिए जो भी संभव होगा, वह किया जाएगा।"

डॉ. अंसारी ने अस्पताल की पूरी मेडिकल टीम और स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि शुभम का इलाज करने में कोताही न बरती जाए। किसी भी स्थिति में बच्चे की जान बचाने की पूरी कोशिश करने का आदेश दिया। इस घटना से आलोचकों के बीच भी काफी चर्चा हो रही है । डॉ. अंसारी अपने पद की गरिमा को समझते हुए बिना किसी भेदभाव के हर किसी की मदद के लिए तत्पर रहते हैं।

# कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बिशप हाउस पहुंचकर बिशप आनंद जोजो से की मुलाकात, दी क्रिसमस की शुभकामनाएं



संवाददाता- हजारीबाग - डेलीखबर 99

**हजारीबाग :** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने मंगलवार को क्रिसमस की पूर्व संध्या पर हजारीबाग के जन विकास केंद्र स्थित बिशप हाउस का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने बिशप हाउस के बिशप आनंद जोजो से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस दौरान मुन्ना सिंह ने अपने संदेश में कहा, कि क्रिसमस का यह पावन पर्व प्रेम, शांति और सौहार्द का प्रतीक है। इस अवसर पर मैं देशवासियों और राज्यवासियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं और जोहार प्रेषित करता हूं। प्रभु यीशु से प्रार्थना है कि वे सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन प्रदान करें। उन्होंने आगे कहा कि यह त्योहार मानवता के प्रति समर्पण और भाईचारे का संदेश देता है। जबकि बिशप आनंद जोजो ने भी क्रिसमस के इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह त्योहार समाज को एकजुट करने और सबके जीवन में खुशी और समृद्धि लाने का अवसर है।

# इंडिया गठबंधन सरकार, भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ लगाम लगाने टॉलरेंस नीति अपनाएगी : हेमंत सोरेन



संवाददाता- राँची - डेलीखबर 99

**रांची :** राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ मेरी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति है।अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मैंने सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है ताकि आम जनों को कोई असुविधा नहीं हो और कोई भी भ्रष्टाचारी बचे नहीं ये बाते झारखंड के मुख्यमंत्री वरीय अधिकारियों के निर्देश देते हुवे कहा कि राज्य के DGP समेत अन्य वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ACB उड़न दस्ते का गठन कर लगातार सघन तरीके से अंचल एवं प्रखंड कार्यालयों का औचक निरीक्षण एवं छापेमारी करें। जनता को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं देना मेरा प्रथम लक्ष्य है। भ्रष्ट अधिकारियों के ख़िलाफ़ अब कठोर से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# विश्व हिंदू परिषद का धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान: संगठन और समर्पण का अद्भुत संगम



**चतरा :** विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में चल रहे धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान ने आज चतरा जिले में गति पकड़ी। इस अभियान के तहत संगठन के प्रतिनिधि और कार्यकर्ता बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों और विभिन्न वर्गों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलकर धर्म रक्षा निधि में योगदान देने का आग्रह कर रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य केवल आर्थिक योगदान प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज में धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।आज इस अभियान में चतरा लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद श्री कालीचरण सिंह ने अपनी भागीदारी दर्ज की और धर्म रक्षा निधि में समर्पण देकर समाज को प्रेरणा दी। उनके साथ-साथ जिला मंत्री सुधीर कुमार और बजरंग दल के जिला संयोजक श्री अंकित पांडेय ने भी इस अभियान को नेतृत्व प्रदान किया। दोनों ने बुद्धिजीवियों से बातचीत के दौरान धर्म रक्षा निधि अभियान के महत्व और संगठन की नीतियों पर प्रकाश डाला।धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान में अपनी सहभागिता मुख्य रूप से राजेश पासवान, चंपा देवी और अन्य स्थानीय लोगों ने दी। उनके इस समर्पण ने अभियान को और अधिक मजबूती प्रदान की। संगठन के प्रतिनिधियों ने इसे समाज में धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए एक आवश्यक कदम बताया और सभी से इस अभियान में सहयोग देने की अपील की।

# हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा



संवाददाता- हजारीबाग - डेलीखबर 99

**हजारीबाग:** हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल आज रांची में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के आवास पर उनसे मिला। प्रतिनिधि मंडल द्वारा शिक्षा मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें जेटेट के सिलेबस में बदलाव, झारखंड में निकट भविष्य में आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन, हाई स्कूल शिक्षक परीक्षा, जेपीएससी परीक्षा के आयोजन तथा अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में स्वच्छता एवं पारदर्शिता के साथ आयोजन की मांग प्रस्तुत की गई। प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से आग्रह किया कि झारखंड राज्य की तुलना में अन्य राज्यों में व्यापक पैमाने पर रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं तथा पारदर्शिता एवं स्वच्छता के साथ सरकारी नौकरी के अवसर विद्यार्थियों को मिल रहे हैं परंतु झारखंड में आने वाले रोजगार के अवसर न्यायालय में लंबित हो जाते हैं या फिर किसी न किसी विवाद का कारण बनते हैं जिससे प्रतियोगी विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। शिक्षा मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को सकारात्मक आश्वासन दिया कि वह निकट भविष्य में इस संदर्भ में उचित कदम उठाएंगे और झारखंड में आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं में किस प्रकार से स्वच्छता एवं पारदर्शिता का वातावरण बनाया जाए इस बात को कैबिनेट की बैठक में भी प्रस्तुत करेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि झारखंड में जल्द ही जेपीएससी में अध्यक्ष पद पर बहाली की जाएगी तथा जेटेट, हाई स्कूल शिक्षक विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन राज्य सरकार द्वारा पारदर्शिता के साथ किया जाएगा, जिससे झारखंड के प्रतियोगी विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल बन सके। हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष जेपी जैन, उपाध्यक्ष सुदेश कुमार, प्रवक्ता रितेश कुमार, सह सचिव सुभाष कुमार, सीएफआई के ज्वाइंट सेक्रेटरी अनीस त्यागी ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा तथा उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि आपके शिक्षा मंत्री बनने से हम शिक्षकों और विद्यार्थियों के मन में आशा की किरण जगी है तथा हमें यह पूर्ण विश्वास है कि निकट भविष्य में झारखंड सरकार रोजगार के विभिन्न अवसर प्रतियोगी विद्यार्थियों को प्रदान करेगी।

# नगर निगम द्वारा शेल्टर होम का निरीक्षण: गरीबों के लिए राहत की व्यवस्था



संवाददाता- हजारीबाग - डेलीखबर 99

**हजारीबाग :** नगर निगम ने शहर के शेल्टर होम का निरीक्षण किया, जहां कई गरीब और बेघर लोग आश्रय लेते हैं। यह निरीक्षण सहायक नगर आयुक्त द्वारा किया गया, जिन्होंने शेल्टर होम की व्यवस्थाओं और सेवाओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि गरीबों और बेघरों के लिए बनाई गई सुविधाएं सही तरीके से संचालित हो रही हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है।सहायक नगर आयुक्त ने अपने निरीक्षण के दौरान बताया कि यह शेल्टर होम पूरी तरह से निशुल्क है। यहां रहने वाले लोगों से किसी भी प्रकार का कोई चार्ज नहीं लिया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शेल्टर होम उन लोगों के लिए है जो सड़क पर रहते हैं और जिनका कहीं कोई ठिकाना नहीं है। यह शेल्टर होम गरीबों के लिए राहत का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जहां उन्हें सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में रहने की सुविधा प्रदान की जाती है।

# पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी बैठक, विधि व्यवस्था संधारण एवं महत्वपूर्ण अपराधिक कांडों की हुई समीक्षा





संवाददाता- हजारीबाग - डेलीखबर 99

**हजारीबाग :** अपराध गोष्ठी से संबंधित कार्यक्रम आयोजित पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग द्वारा मंगलवार 24दिसंबर को सभी थाना प्रभारीयों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निम्नलिखित बिंदुओं पर दिशानिर्देश दिया गया।

**1.** पिछले माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक कांडों की समीक्षा की गयी तथा सभी कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिए गए.

**2.** 5/10 वर्षों से अधिक पुराने लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन हेतु निर्देशित किया. सभी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

**3.** जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया।

**4.** सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

**5.** अवैध पोस्ता एवं अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया तथा उनके विरुद्ध सीसीए का प्रस्ताव समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया।

**6.** महिला प्रताड़ना एवं हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

**7.** नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया।

**8.** विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया.

साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

**9.** नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलीयों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

**10.** संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ CCA एवं NSA के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

**11.** सरकारी जमीन से संबंधित जितने भी मामले थाना में लंबित है उन्हें यथाशीघ्र संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया।

## हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने डीजीपी अनुराग गुप्ता से की शिष्टाचार मुलाकात



संवाददाता- हजारीबाग - डेलीखबर 99

हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता से मुलाकात कर हजारीबाग क्षेत्र की प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। यह मुलाकात हजारीबाग के प्रशासन और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

### चर्चा के प्रमुख बिंदु

शहर की सुरक्षा व्यवस्था,विधायक ने हजारीबाग में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने और संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की मांग की। उन्होंने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष पहल का आग्रह किया। अपराध नियंत्रण बढ़ते आपराधिक मामलों, जैसे चोरी, लूटपाट और मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण के लिए कड़े कदम उठाने की बात की गई। श्री प्रसाद ने पुलिस बल की क्षमता बढ़ाने और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया। यातायात प्रबंधन शहर में बढ़ते यातायात जाम और दुर्घटनाओं को लेकर भी चर्चा हुई। विधायक ने यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए नए उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया। सामुदायिक पुलिसिंग जनता और पुलिस के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने के लिए सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर सहमति बनी। विधायक ने स्थानीय नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने विधायक को भरोसा दिलाया कि हजारीबाग क्षेत्र की कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है और जनता की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### जनहित में पहल

विधायक ने बैठक के दौरान क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देने की बात कही और डीजीपी से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा जताई। यह बैठक प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित होगी।प्रदीप प्रसाद ने मीडिया से संवाद करते हुए बताया की झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात कर हजारीबाग क्षेत्र की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और प्रशासनिक मुद्दों पर गहन चर्चा की। हमारी प्राथमिकता क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना है। मैंने शहर में बढ़ते अपराध, खासकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मामलों को गंभीरता से उठाया। इसके साथ ही, पुलिस बल को अधिक सशक्त बनाने और संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाने की जरूरत पर भी चर्चा की। डीजीपी ने हमें आश्वासन दिया है कि क्षेत्र में सभी सुरक्षा उपायों को और मजबूत किया जाएगा। मैं जनता को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि उनकी समस्याओं का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है। इसके साथ ही, मैंने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और स्थानीय नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मुझे उम्मीद है कि ये पहल हमारे हजारीबाग को एक सुरक्षित और सशक्त क्षेत्र बनाने में मदद करेगी। हम सब मिलकर एक बेहतर और सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए कार्यरत रहेंगे।






## महामहिम राष्ट्रपति को कांग्रेसियों ने सौपा ज्ञापन




संवाददाता- हजारीबाग - डेलीखबर 99

**हजारीबाग :** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के उपर अपमानजनक टिप्पणी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध गलत एफ आइ आर के विरोध में कारयकारिणी के सदस्य संजय तिवारी व महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के सयुंक्त नेतृत्व में अंबेडकर सम्मान यात्रा का अयोजन किया गया जो जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम से चलकर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित बाबासाहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा नया समाहरणालय पहुंच कर उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति जी को एक ज्ञापन सौप कर गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग की गई। संजय तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 18 वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर के असमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। भाजपा हमेशा लोकतंत्र और संवैधानिक मुल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इस बार तो हद पार कर दी। संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग ली गई। इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मुल्यों की प्रतिबध्दता दिलाई। समता समानता और न्याय के डॉ.भीमराव अंबेडकर के आदर्शो पर चलने की सलाह भाजपा को कतई रास नही आई। सत्तापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की। यही नही केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ.भीमराव अंबेडकर का अपमान कर संघ और भाजपा के मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। अमित शाह ने कहा "अभी एक फैशन हो गया है " अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत भाजपा की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और बैसाखी सरकार बनाकर लोकतांत्रिक मुल्यों का पाठ पढ़ाया था। लेकिन भाजपा ये खीज अब संविधान निर्माता पर निकाल रही है और बाबासाहेब का अपमान किया गया है। लेकिन दुख की बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी। कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है। लेकिन मोदी सरकार डॉ.भीमराव के अपमान को अपराध मानने को तैयार नही है। उल्टे भाजपा ने सांसद की कारवाई ठप रखी है। यही नही अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे सांसदों के साथ धक्कामुक्की की गई। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया। भाजपा ने षड़यंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ संगीन धराओं के तहत एफ आइ आर दर्ज करा दी गई।



SPORT UTILITY VEHICLES
mahindra Rise
A CLASS-APART,
EVEN OFF THE BEATEN PATH!
SCORPIO
CLASSIC




MARUTI SUZUKI ARENA
UNLOCK HAPPINESS WITH
DREAM SERIES
Make your dream a reality today.
Buy any DREAM SERIES Edition @ ₹4.99 Lakh*
S-PRESSO
CELERIO
ALTO




ACCURATE PRODUCT INFORMATION
CHATBOT ASSISTANCE
ONLINE BOOKING IN 5 MINS*
TATA MOTORS
FleetVerse
Your Commercial Vehicle Universe
SECURE ONLINE PAYMENT DIRECTLY TO DEALERS
CORRECT PRICES
ONLINE ENQUIRY IN 2 MINS*




START THE CELEBRATIONS
WITH POSITIVITY
Drive home your favourite Maruti Suzuki car with special offers.
BIG SAVINGS
S-PRESSO ₹00 000*
WAGONR ₹00 000*
CELERIO ₹00 000*
S-PRESSO WAGONR CELERIO
www.arenaofashoknagar.com
HILLTOP MOTORS
A UNIT OF HIRALAL MOTORS PRIVATE LIMITED
(AUTHORISED MARUTI SUZUKI ARENA DEALER)